## चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 03.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 03.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले 09 अभियुक्तों के विरूद्ध 03 यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

(i). प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अभियुक्त 1.अंकित पाल पुत्र रामबली पाल निवासी कसहाई रोड थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 2.पंकज मिश्रा पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी रगौली थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 3.अखिलेश पाल पुत्र रामकेश पाल निवासी रूद्रा डेयरी के पास कसहाई थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 3 यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कार्यवाही की गयी।

(ii). प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री श्रीप्रकाश यादव द्वारा अभियुक्त आशू सिंह उर्फ अभिषेक सिंह पुत्र तुल्ली सिंह उर्फ रणवीर सिंह निवासी ग्राम गढ़चपा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 3 यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कार्यवाही की गयी।

(iii).प्रभारी निरीक्षक भरतकूप श्री मनोज कुमार द्वारा अभियुक्त अजय मिश्रा पुत्र राजा भइया निवासी दुगवां थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 3 यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कार्यवाही की गयी।

(iv).प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा श्री आशुषोत तिवारी द्वारा अभियुक्त 1. सम्पत मवासी उर्फ शिवसम्पत पुत्र श्याम मवासी निवासी करका पड़रिया थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट 2.बल्लू उर्फ बलराम पुत्र रामप्रताप निवासी खांच मजरा रूकमा बुजुर्ग थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 3 यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कार्यवाही की गयी।

(v). प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्गविजय सिंह द्वारा अभियुक्त राहुल कुमार पुत्र भगवानदीन निवासी रेड़ी भुसैली थाना मऊ जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 3 यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कार्यवाही की गयी।

(vi). थानाध्यक्ष पहाड़ी म0उ0नि0 श्रीमती अनुपमा तिवारी द्वारा अमन सिंह पटेल पुत्र अभिलाष सिंह निवासी बाबूपुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 3 यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कार्यवाही की गयी।

**(4).** आज दिनांक 03.08.2025 को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना क्षेत्र सरधुवा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम पनौटी,अर्की,जमौली,विलाशपुर,खोपा,सुबे का पुरवा मजरा चिल्लीबांगर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

जनपद में लगातार हो रहे भारी वर्षा के कारण यमुना नदी व अन्य नदियों की जल स्तर बढ़ जाने के कारण जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम पंचायत सरधुवा में 45 घरों के लगभग 130 लोग प्रभावित हुए हैं। इन प्रभावित लोगों को कम्पोजिट विद्यालय सरधुवा में आश्रय दिया गया है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का तत्काल संज्ञान लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित गांवों में अस्थाई कैंप सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें साथ ही साथ खाने पीने की व्यवस्था समुचित रहनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी व चौकिया को निर्देशित किया कि आप लोग सतर्क रहकर भ्रमणशील रहे, किसी भी मनुष्य, पशु की जन हानि नहीं होनी चाहिए । जिलाप्रशासन जो भी राहत सामग्री दिया जा रहा है उसको नियमानुसार वितरण कराएं तत्पश्चात जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप लगाकर चिकित्सा उपलब्ध कराए तथा पशुओं को भूसा चारा, पशुओं को शत प्रतिशत टीकाकरण एवं नाव व मोटर नाव में क्षमता के अनुसार ही व्यक्ति को बैठाएं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे श्री स्वप्निल कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, तहसीलदार भारत प्रताप सिंह एवं थानाध्यक्ष राम सिंह,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बहिलपुरवा व थाना राजापुर द्वारा 01-01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

(i). उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार सिंह थाना बहिलपुरवा मय हमराह आरक्षी मोनू राय द्वारा मु0नं0 2685/2011 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट के वारंटी अभियुक्त भानु प्रकाश पाण्डेय उर्फ जानकीशरण पुत्र रामस्वरूप उर्फ रामशरण निवासी ग्राम बडी मड़ैयन थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ii). चौकी प्रभारी गनीवा उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह मय हमराह मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र कुमार व आरक्षी राहुल दीक्षित द्वारा मु0नं0 294/2018 धारा 60 आबकारी अधिनियम के वारंटी अभियुक्त खुशबू पुत्र भगवानदीन निवासी चनहट थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(7).** आज दिनाँक 03.08.2025 को मां मंदाकिनी नदी के जलस्तर में निरंतर हो रही वृद्धि से संभावित बाढ़ की आशंका एवं श्रावण मास के अंतिम सोमवार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह एवं अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चन्द्र निगम  द्वारा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु रामघाट, निर्मोही अखाड़ा पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों की सुरक्षा, श्रद्धालुओं की आवाजाही, आपातकालीन व्यवस्थाओं एवं जल पुलिस की तैनाती आदि बिंदुओं का गहनता से मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि संवेदनशील क्षेत्रों में बैरिकेडिंग सुनिश्चित कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव हेतु निगरानी एवं गश्त को बढ़ाया जाए।

सावन मास के अंतिम सोमवार को श्री मतस्यगजेन्द्रनाथ मंदिर रामघाट पर शिव भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए गए। पुलिस एवं प्रशासन की टीम को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है तथा आपदा प्रबंधन दल को तैयार रहने हेतु सचेत किया गया।

निरीक्षण के दौरान को दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी सदर सुश्री पूजा साहू, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द वर्मा, चौकी प्रभारी सीतापुर श्री अनिल कुमार गुप्ता ,पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार सिंह,अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका कर्वी श्री लालजी यादव व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।